महत्वपूर्ण/समयबद्ध

कार्यालय तहसीलदार गाजियाबाद

पत्रांक /रoकाo–तहo गाoबाद–2022 दिनांक : 02/XI/2022

~~समस्त विभागाध्यक्ष~~

~~गाजियाबाद~~

विषयः– नगर निगम गाजियाबाद निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य पूर्ण नही करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया नगर निकाय निदेशालय सैक्टर 7 गोमतीनगर विस्तार लखनऊ के पत्र संख्या 6/2091/ 9/ नाoनिर्वाo कक्ष परिo/नगर निकाय/2022 दिनांक 12.09.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें निर्देश दिये गये है कि नगर निकाय के अन्तर्गत मतदाता सूची का पुनरीक्षण का कार्य संगणक (बीoएलoओo) के माध्यम से पूर्ण कराया जाए। इस कार्य को पूर्ण कराने हेतु विभिन्न विभागो के कर्मचारियो की डयूटी बीoएलoओo (संगणक) के रूप में लगायी गयी है। उपरोक्त कार्य पूर्ण करने हेतु दिनाक 20.10.2022 नियत थी । माo राज्य निर्वाचन आयोग उoप्रo की अधिसूचना संख्या 399/ राoनिoआo–4/ नoनिo/ 49–22/ 2022 दिनांक 18.10.2022 में नगर निकाय निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण का कार्य हेतु समय सारणी निर्गत की गयी है जिसमें निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित/विलोपित किये जाने के सम्बन्ध में दावे/आपत्तियॉ प्राप्त करने हेतु 01 नवम्बर 2022 से 07 नवम्बर 2022 तक की समय सीमा निर्धारित की गयी है।

अवगत कराना है कि संलग्न सूची में अंकित कर्मचारियों द्वारा आवंटित मतदेय स्थल पर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य प्रारम्भ नही किया गया है जो अत्यन्त ही आपत्तिजनक एवं सरकारी सेवा नियमावली के सर्वथा विपरित है। अतः आप संलग्न सूची में अंकित कर्मचारियो को निर्देशित करे कि वह **दिनांक 01 नवम्बर 2022 से 07 नवम्बर 2022 तक अपने को आवंटित मतदेय स्थलो पर उपस्थित होकर दावे–आपत्ति प्राप्त करेंगें तथा उनका नियमानुसार जॉच कर निस्तारण करना तथा निस्तारित दावे–आपत्तियों को तहसील कार्यालय में प्रतिदिन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें ताकि मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराये जा सके** । यदि उच्च अधिकारियों के भ्रमण के दौरान मतदेय स्थलो पर सम्बन्धित बीoएलoओo अनुपस्थित पाये जाते है तो उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व 1950 की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु आख्या जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गाजियाबाद महोदय को प्रेषित कर दी जाएगी जिसके लिए सम्बन्धित कर्मचारी स्वंय जिम्मेदार होगें ।

संलग्नक :– यथोपरि ।

तहसीलदार
गाजियाबाद

प्रतिलिपि :–

1– अपर जिलाधिकारी (प्रo) महोदया गाजियाबाद को सादर अवलोकनार्थ ।

2– उपजिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद को सादर सूचनार्थ ।

2– जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद महोदय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

तहसीलदार
गाजियाबाद